BULANDSHAHRPOLICE

दिनांक 12 अक्टूबर, 2024 **साइबर क्राइम पुलिस थाना**

ऑनलाइन ठगी किये गये कुल 2,65,793/- रुपये साइबर क्राइम थाना पुलिस द्वारा अथक परिश्रम कर बैंक खाते में वापस करायें।

दिनांक 07-08-2024 को श्री प्रदीप कुमार चौधरी सदर विधायक बुलन्दशहर द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना बुलन्दशहर में एक शिकायत की गयी जिसमें अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदक के अमेरिकन एक्सप्रेस क्रेडिट कार्ड खाते से कुल 2,65,793/- रूपयों की आनलाइन ठगी/निकासी किये जाने के आरोप अंकित किये गये थे। इस सम्बन्ध में साइबर क्राइम थाना पर मुअसं- 29/24 धारा 318(4) बीएनएस व 66 डी आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर के निर्देशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक अपराध के कुशल मार्गदर्शन में साइबर क्राइम पुलिस थाना बुलन्दशहर द्वारा अथक परिश्रम करते हुए आवेदक से ठगे गये 2,65,793/- रुपये बैंक खाते में वापस कराये गये।

सावधान:- किसी अनजान व्यक्ति से खाता संख्या, पिन, ओटीपी, सीवीवी नम्बर इत्यादि साझा न करें।
खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरन्त 1930 पर कॉल करें।

मीडिया सैल बुलन्दशहर